# 'शिक्षण संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना में सहयोग करेगी सरकार'



■ **एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ :** प्रदेश में नए सेक्टर जैसे लिथियम-आयन बैटरी, रोबोटिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में बेहतर काम हो। इसके लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाने में राज्य सरकार, शैक्षणिक संस्थानों की मदद करेगी, जिससे इन क्षेत्रों में इनोवेशन और डिवेलपमेंट के काम हो सकें। इस संदर्भ में शुक्रवार को इंवेस्ट यूपी के सीईओ और अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (IET), लखनऊ के बीच एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत सेंटर ऑफ एक्सिलेंस सेंटर(सीओई) की स्थापना पर संवाद हुआ।

बैठक में इंवेस्टर यूपी की तरफ से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहन, सब्सिडी, छूट एवं अतिरिक्त सहायता पर विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई। बैठक में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें निदेशक, प्रफेसर विनीत कंसल, इलेक्ट्रिकल विभाग के संकाय सदस्य एवं इनक्यूबेशन प्रबंधक संदीप कुमार शामिल रहे।